हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 29 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 भू-स्वामित्व योजना की ड्यूटी से नाराज आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ...



07 जावदेश्वर क्षेत्र में एक ही रात में 20 बोरवेल की केबल काट ले गए चोर



खबर संक्षेप



सागर। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने भोपाल पहुंच कर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट कर क्षेत्र में विकास के विभिन्न विषयों पर चर्चा की।



संगीता चौबे विद्या वाचस्पति सम्मान से सम्मानित

सागर। शा.उ.माध्यमिक शाला, रजाखेड़ी, सागर में पदस्थ शिक्षिका कथाकार संगीता चौबे को नई दिल्ली में विद्या वाचस्पति सम्मान से पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ, वृन्दावन धाम (मथुरा) उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। विद्यार्थी जीवन से साहित्य के प्रति अभिरुचि रखने के फलस्वरूप अपनी रचनाधर्मिता के निर्वहन के प्रतिफल और प्रतीक स्वरूप एक साथ दो कथा-संग्रह बीते लम्हे एवं परीक्षाफल के साथ सागर साहित्य जगत में आपका पदार्पण श्यामलम संस्था के माध्यम से हुआ। संगीता की इस उपलब्धि पर श्यामलम अध्यक्ष उमा कान्त मिश्र, डॉ मनीष झा, टी आर त्रिपाठी, डॉ सुश्री शरद सिंह, सुनीला सराफ, डॉ.कविता शुक्ला, आर के तिवारी, डॉ नलिन जैन, मुकेश तिवारी, अम्बिका यादव, कपिल बैसाखिया, सुरजीत सिंह, डॉ विनोद तिवारी सहित साहित्य समाज के विद्वानों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया है।

कुलपति ने अधिकारियों-कर्मचारियों को दिलाई सत्यनिष्ठा की शपथ

सागर। डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 के तहत शिक्षा शास्त्र विभाग के तत्वावधान में प्रशासनिक भवन में सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कुलपति प्रो. नागेश दुबे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।केंद्रीय सतर्कता आयोग की इस वर्ष की थीम 'सत्यनिष्ठा से समृद्धि' के तहत आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों -कर्मचारियों ने ईमानदारी, पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही के साथ कार्य करने तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं शिक्षा शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार जैन तथा मुख्य सतर्कता अधिकारी प्रो. उमेश के. पाटिल के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस.पी. उपाध्याय, अधिष्ठाता प्रो. अजीत जायसवाल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. डी.के. नेमा, उपकुलसचिव सतीश कुमार सहित विश्वविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय में नुक्कड़ नाटक से दिया स्वच्छता का संदेश

सागर। डॉ. हरिसिंह गौर विश्व विद्यालय के ललित कला एवं प्रदर्शनकारी कला विभाग तथा सांस्कृतिक परिषद के विद्यार्थियों ने 'स्वच्छता ही सेवा स्वच्छ भारत, विकसित भारत' अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक 'दाग अच्छे नहीं हैं' का मंचन किया। विश्वविद्यालय परिसर में सुबह 10:30 बजे शॉपिंग कॉम्प्लेक्स स्थित सेंटर पॉइंट से शुरू हुई प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने भाग लिया।नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि स्वच्छता की शुरुआत मन और विचारों की स्वच्छता से होती है।

आईजी इरशाद वली ने चार थानों का किया निरीक्षण

पुलिसकर्मियों से किया संवाद, बीट प्रणाली मजबूत बनाने और लंबित अपराधों के त्वरित निराकरण पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिले में पुलिसिंग को प्रभावी बनाने और मैदानी स्तर पर कार्यप्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस महानिरीक्षक सागर इरशाद वली ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सोलंकी के साथ थाना मकरोनिया, कैंट, बहेरिया और सानोधा का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने थाना प्रभारियों सहित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से सीधा संवाद कर उनके शासकीय कार्यों, कार्य परिस्थितियों और समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने पुलिसकर्मियों का हालचाल जाना और उन्हें पूरी ईमानदारी, निष्ठा तथा अनुशासन के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

बीट प्रणाली को प्रभावी बनाने पर जोर

भ्रमण के दौरान आईजी ने पुलिसिंग की बुनियादी इकाई बीट प्रणाली को मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि बीट में तैनात पुलिसकर्मी अपने निर्धारित क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, संवेदनशील स्थानों, अपराधियों और असामाजिक तत्वों के संबंध में पूरी जानकारी रखें। साथ ही क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर आमजन से संपर्क बनाए रखें, ताकि स्थानीय समस्याओं की जानकारी समय पर मिल सके और उनका निराकरण किया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर संवाद से अपराधों की रोकथाम में मदद मिलती है। बीट स्तर पर पुलिस की सक्रियता बढ़ने से संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ लोगों में सुरक्षा की भावना और पुलिस के प्रति विश्वास भी मजबूत होगा।

लंबित अपराधों का समय पर करें निराकरण

आईजी ने थानों में लंबित अपराधों की समीक्षा करते हुए उनके त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निराकरण पर जोर दिया। उन्होंने विवेचकों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण में साक्ष्यों का संकलन, आवश्यक वैधानिक कार्रवाई और विवेचना समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए। प्रकरणों के निराकरण में अनावश्यक देरी न हो और प्रत्येक मामले की नियमित समीक्षा की जाए।

उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ आम नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुनने और उनका संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने की आवश्यकता बताई। आईजी ने स्पष्ट किया कि प्रभावी पुलिसिंग के लिए जिम्मेदारी, जवाबदेही और बेहतर समन्वय आवश्यक है।

तनावमुक्त रहकर कर्तव्य निभाने की सलाह

पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली ने पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि पुलिस सेवा में धैर्य, अनुशासन, ईमानदारी और जनसेवा की भावना महत्वपूर्ण है। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी संयम बनाए रखते हुए टीम भावना के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने पुलिसकर्मियों को तनावमुक्त और सकारात्मक वातावरण में काम करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों की कार्यक्षमता और मनोबल बेहतर रहने से आम नागरिकों को भी गुणवत्तापूर्ण पुलिस सेवाएं मिलती हैं। थाना सानोधा के भ्रमण के दौरान एसडीओपी रहली पूजा शर्मा भी उपस्थित रहीं।

आईजी का यह भ्रमण मैदानी पुलिसिंग को सुदृढ़ करने, पुलिसकर्मियों से सीधा संवाद स्थापित करने और अपराध नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल रहा। इससे थानों की कार्यप्रणाली में सुधार के साथ लंबित मामलों के निराकरण में तेजी लाने पर जोर दिया गया।

सुरखी पुलिस ने पांच साल से फरार 5 हजार के इनामी आरोपी को किया गिरफ्तार



सागर। नाबालिग के अपहरण के मामले में करीब पांच साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी को सुरखी पुलिस ने ग्राम करैया से गिरफ्तार किया है। आरोपी को वैधानिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार, 13 नवंबर 2021 को ग्राम चितौरा निवासी महिला ने अपनी नाबालिग पुत्री के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में अपराध क्रमांक 420/2021, धारा 363 भादंवि के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। पुलिस ने 28 मार्च 2025 को अपहता को दस्तयाब किया। विवेचना के दौरान चन्द्रेश पिता गोविन्द लोधी, निवासी चितौरा का नाम सामने आया, जो घटना के बाद से फरार था।आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। सुरखी पुलिस ने लगातार तलाश करते हुए 27 अक्टूबर को उसे ग्राम करैया से गिरफ्तार कर लिया।



158 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

सागर। गवर्नमेंट स्कूल 200 साल (द्विशताब्दी) वर्ष की पूर्णता को स्मरण के साथ एवं डॉ हरी सिंह गौर विश्वविद्यालय के पूर्व चिकित्सा अधिकारी ब्र. डॉ. सोमेश्वर नाथ शुक्ला एवं ब्र. शांति देवी शुक्ला की स्मृति में 158 वां निशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न हुआ, इसमें जिसमें 136 रोगियों का निशुल्क रोग स्वास्थ्य परीक्षण तथा परामर्श डॉ राजेश शुक्ला द्वारा दिया गया। जिसमें योग प्रशिक्षण एवं आहार का आयुर्वेद से संबंधित निशुल्क साहित्य भी वितरित किया गया। मधुमेह एवं श्वास रोगियों का निशुल्क परीक्षण किया गया जिसमें रक्ताल्पता 25, यूरिक एसिड 25, बॉडी मॉस 21, श्वास 20, मधुमेह 35 का निशुल्क परीक्षण किया गया। यह शिविर शिवोम सोम शांति चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, 5 सिविल लाइन सागर में किया गया है। जिसमें मकरोनिया, पथरिया जाट, रजाखेड़ी, बदतूमा, लिधौरा, बारारू, पुरानी सदर, कैंट आर्मी सेंटर एवं विभिन्न अंचलों के लोग शामिल हुए। इस शिविर में सत्येश शुक्ला, वीरेन्द्र गोस्वामी, अर्पित देसाई, दीपक मिश्रा, साहिल जैन, अंकित जैन, सोनू साहू, राजेंद्र रावत, संतोष दुबे आयकर विभाग अधिवक्ता संघ, डॉ ओ.पी चौबे इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।



आगामी त्योहारों को लेकर गढ़ाकोटा थाने में सराफा व्यापारियों की बैठक आयोजित

गढ़ाकोटा। आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए सागर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एवं एसडीओपी पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार शाम थाना गढ़ाकोटा में सराफा व्यापारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में व्यापारियों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपनिरीक्षक आर.आर. धुर्वे ने सराफा व्यापारियों से कहा कि वे बड़े लेन-देन की जानकारी थाना पुलिस को दें, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर समय रहते नजर रखी जा सके। उन्होंने व्यापारियों को अपनी दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा उनकी नियमित निगरानी करने की सलाह दी। साथ ही अनजान व्यक्तियों से सोना-चांदी एवं अन्य कीमती सामान खरीदने से बचने और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा। पुलिस ने व्यापारियों से त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीराम सोनी, चरणदास सोनी, बद्री सोनी, गौरी सोनी, रवि सोनी सहित अन्य सराफा व्यापारी उपस्थित रहे। थाना गढ़ाकोटा से मुंशी राजेश, अमित, राजदीप एवं पंचम भी मौजूद रहे।

महापौर ने वेतन की व्यवस्था के लिए बैंक से 2 करोड़ रुपए ऋण लेने की दी स्वीकृति

सागर। दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम के कर्मचारियों को समय पर वेतन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महापौर संगीता तिवारी ने बैंक से 2 करोड़ रुपये का ऋण लेने की स्वीकृति प्रदान की है। महापौर ने कहा कि दीपावली खुशियों और उल्लास का पर्व है। नगर निगम के सभी कर्मचारी अपने परिवार के साथ दीपावली का त्योहार हर्षोल्लास से मना सकें और उन्हें वेतन के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े, इसी उद्देश्य से बैंक से ऋण लेने की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए वेतन की व्यवस्था सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। बैंक से लिए जाने वाले ऋण की राशि का भुगतान बाद में नियमानुसार कर दिया जाएगा।

बंडा जहरीली शराब कांडः हवालाती की इलाज के दौरान मौत, अबतक 3 नामजद आरोपियों की मौत

सागर। बंडा-शाहगढ़ जहरीली शराब त्रासदी में जेल में बंद एक और हवालाती की इलाज के दौरान मौत हो गई है। इसके साथ ही इस कांड में नामजद 3 आरोपियों की अबतक मौत हो चुकी है। ताजा मामला मुख्य आरोपी जुझार सिंह लोधी का है। बंडा उप-जेल में बंद जुझार की दो दिन पहले तबीयत बिगड़ी। उसे पहले बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर और फिर मंगलवार सुबह भोपाल रेफर किया गया। भोपाल में वह वेंटिलेटर पर था, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस और जेल प्रबंधन ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है। इससे पहले भी जहरीली शराब बनाने और सप्लाई में शामिल 2 आरोपियों की उसी जहरीली शराब के सेवन से मौत हो चुकी थी। जुझार की मौत के बाद यह आंकड़ा 3 हो गया है। गौरतलब है कि बंडा-शाहगढ़ में जहरीली शराब से 36 लोगों की मौत हुई थी। पुलिस ने 52 आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर 36 को गिरफ्तार किया था। मुख्य आरोपी जुझार सिंह लोधी इसी केस में बंडा उप-जेल में बंद था।

जिला स्तरीय पुरूष फुटबॉल प्रतियोगिता में शासकीय नेहरू कॉलेज उपविजेता



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के कार्यक्रम अनुसार सागर जिले के मालथौन में आयोजित जिलास्तरीय पुरूष फुटबाल प्रतियोगिता में शासकीय नेहरू स्नात्कोत्तर की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान हासिल किया।

महाविद्यालयीन टीम की इस उपलब्धि के लिए कालेज प्रबंधन ने खिलाड़ियों को शुभकामनाऐं देकर उत्साहवर्धन किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के खेल कैलेण्डर अनुसार विगत 27 अक्टूबर को जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता शासकीय महाविद्यालय मालथौन द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महा विद्यालय देवरी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।

टीम की इस सफलता के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश दुबे ने विद्यार्थियों एवं टीम मैनेजर डॉ. भूपेन्द्र कुमार भूपेन्द्र कुमारऔर क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अभिषेक गोयल को बधाईयां प्रेषित कीं एवं विद्यार्थियों को अगले स्तर की प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दीं।

शासकीय बहुउद्देशीय विद्यालय की द्विशताब्दी रैली में 1964 बैच के पूर्व छात्रों ने दिखाया उत्साह



सागर। शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित द्विशताब्दी समारोह के तहत 25 अक्टूबर को आयोजित अविराम साइकिल एवं पैदल रैली में विद्यालय के 1964 बैच के वरिष्ठ पूर्व छात्रों ने उत्साहपूर्वक एवं सक्रिय रूप से भाग लिया। डॉ. राजेश शुक्ला के नेतृत्व में 1964 बैच के वरिष्ठ पूर्व छात्र रैली में शामिल हुए। लंबे अंतराल के बाद विद्यालय के पूर्व छात्रों का एक साथ इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल होना विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। पूर्व छात्रों ने विद्यालय से जुड़ी अपनी पुरानी स्मृतियों को साझा करते हुए समारोह के प्रति उत्साह व्यक्त किया। रैली के दौरान 1964 बैच के पूर्व छात्रों ने विद्यालय की गौरवशाली परंपरा और ऐतिहासिक विरासत को याद किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय से प्राप्त शिक्षा और संस्कारों ने उनके जीवन को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विद्यालय के 200 वर्ष पूरे होना सभी पूर्व छात्रों के लिए गौरव और भावुकता का अवसर है।इस अवसर पर डॉ. राजेश शुक्ला के नेतृत्व में शामिल वरिष्ठ पूर्व छात्रों ने आयोजन को ऐतिहासिक बताते हुए विद्यालय की आगामी पीढ़ियों के लिए भी इसकी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का संदेश दिया।

तीन बत्ती से कटरा मस्जिद मार्ग तक हटाए वाहन, 4 हजार रुपए समन शुल्क वसूला

अवैध पार्किंग पर पुलिस-नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने और बाजार क्षेत्र में जाम की समस्या से आम लोगों को राहत दिलाने के लिए यातायात पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने कटरा बाजार क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान तीन बत्ती से कटरा मस्जिद मार्ग तक सड़क किनारे बेतरतीब ढंग से खड़े चार पहिया वाहनों को हटवाया गया।

अभियान के दौरान यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले 8 चार पहिया वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई। इन वाहनों से मौके पर कुल 4 हजार रुपए समन शुल्क वसूला गया। कार्रवाई का उद्देश्य वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन और निर्धारित पार्किंग स्थलों के उपयोग के प्रति जागरूक करना भी रहा।

कटरा बाजार शहर का व्यस्ततम बाजार क्षेत्र होने के कारण यहां सड़क किनारे बेतरतीब तरीके से वाहन खड़े किए जाने से यातायात प्रभावित होता है। अभियान के दौरान पुलिस और नगर निगम की टीम ने सड़क की उपलब्ध चौड़ाई बनाए रखने के लिए वाहनों को हटवाया। अधिकारियों ने वाहन चालकों को निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करने की हिदायत दी।

आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

यातायात पुलिस और नगर निगम ने स्पष्ट किया कि शहर के प्रमुख बाजारों और व्यस्त मार्गों पर अवैध पार्किंग तथा यातायात बाधित करने वाले वाहनों के खिलाफ आगे भी संयुक्त रूप से कार्रवाई जारी रहेगी। विशेष रूप से बाजार क्षेत्रों में सड़क को अतिक्रमण और अनावश्यक पार्किंग से मुक्त रखने के साथ आपातकालीन वाहनों के आवागमन को सुगम बनाने पर जोर दिया जाएगा।

पुलिस ने की नियम पालन की अपील

सागर पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे मुख्य मार्गों, चौराहों और बाजार क्षेत्रों में वाहन खड़ा कर यातायात बाधित न करें। दोपहिया और चार पहिया वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें। पुलिस ने नागरिकों से यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग करने की अपील की है।



किसानों को वितरित किए मसूर बीज किट, विकासखंड में 3 हजार कृषकों को वितरित होंगे उन्नत बीज

देवरी। शासन की मंशा के अनुरूप छोटे किसानों को उन्नत बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग देवरी द्वारा किसानों को बोनी के लिए मसूर बीज मिनी किट का वितरण किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य किसानों को मसूर की खेती के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें उन्नत खेती के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराना है। बीज किट मिलने से किसानों को आगामी फसल की बोनी में सहायता मिलेगी और कृषि उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस संबंध में कृषि विभाग के एसडीओ उमाशंकर प्रजापति ने बताया कि किसानों को लगभग तीन हजार किट वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके तहत करीब 600 मिनी किट मसूर बीज का वितरण किया गया है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को खेती के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के साथ ही कृषि गतिविधियों को बढ़ावा देने और किसानों की आय में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

कम मानदेय में अतिरिक्त जिम्मेदारी और सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

भू-स्वामित्व योजना की ड्यूटी से नाराज आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को भू-स्वामित्व योजना के अंतर्गत पटवारियों के साथ काम करने के लिए दिए गए निर्देशों के बाद विरोध के स्वर उठने लगे हैं। जिले की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं ने इस अतिरिक्त जिम्मेदारी को लेकर अपनी परेशानियां बताते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने मांग की है कि भू-स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य में किसी अन्य विभाग के पुरुष कर्मचारियों का सहयोग लिया जाए तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को जोखिम भरे कार्यों से दूर रखा जाए। ज्ञापन में कम मानदेय, पहले से मौजूद विभागीय कार्यों का दबाव, सीमित संसाधनों और देर शाम तक गांवों में घूमकर काम करने से जुड़ी सुरक्षा संबंधी चिंताओं को प्रमुखता से उठाया गया है।



पहले से विभागीय कार्यों का दबाव, अब अतिरिक्त जिम्मेदारी

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं अपने नियमित विभागीय दायित्वों के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं में भी सहयोग करती हैं। इसके बावजूद उन्हें भू-स्वामित्व योजना के अंतर्गत अतिरिक्त कार्य करने के लिए लगाया गया है। कार्यकर्ताओं के अनुसार, पिछले दो-तीन दिनों से इस काम को करने में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि वे ग्रामीण क्षेत्रों में काम करने वाली कर्मचारी हैं और सीमित मानदेय में अपना जीवनयापन करती हैं। ऐसे में नियमित विभागीय जिम्मेदारियों के अलावा दूसरे विभाग के कार्यों का बोझ बढ़ने से उनके लिए सभी काम समय पर पूरा करना मुश्किल हो रहा है।

अपना विभाग संभाले या राजस्व विभाग के कार्य

अखिल भारतीय आंगनवाड़ी कर्मचारी महासंघ की ओर से दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को भू-स्वामित्व योजना के अंतर्गत पटवारियों के साथ काम करने के लिए निर्देशित किया गया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि पटवारियों का मूल कार्य राजस्व विभाग से संबंधित है, जबकि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पहले से ही महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं और गतिविधियों का संचालन कर रही हैं। ऐसे में दूसरे विभाग का अतिरिक्त काम सौंपे जाने से उनकी जिम्मेदारियां और बढ़ गई हैं।

शाम 6 से रात 11 बजे तक काम करने की समय-सीमा पर सवाल

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में शाम 6 बजे से रात 11 बजे तक काम करने की निर्धारित समय-सीमा को लेकर भी चिंता जताई है। उनका कहना है कि पोर्टल पर ऑनलाइन कार्य इसी अवधि में बेहतर तरीके से हो पा रहा है, लेकिन आंगनवाड़ी केंद्रों से संबंधित विभागीय काम भी बड़ी संख्या में होते हैं, जिन्हें निर्धारित समय में पूरा करना पड़ता है। ज्ञापन के अनुसार, कई कार्यकर्ता और सहायिकाएं ऐसे मोबाइल फोन का उपयोग करती हैं, जिनकी तकनीकी क्षमता सीमित है। इससे ऑनलाइन पोर्टल पर एक साथ कई काम करना और समय-सीमा के भीतर सभी प्रविष्टियां पूरी करना कठिन हो जाता है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि उन्हें देर शाम तक अतिरिक्त काम करना पड़ता है, तो नियमित विभागीय कार्यों और निजी जीवन के बीच संतुलन बनाए रखना भी चुनौतीपूर्ण होगा। ज्ञापन में महिला कर्मचारियों की सुरक्षा का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि भू-स्वामित्व योजना से जुड़े काम के लिए यदि उन्हें शाम के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में घूमना पड़ेगा, तो उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ सकती है। देर रात तक घर से बाहर रहने के कारण पारिवारिक जिम्मेदारियां भी प्रभावित होने की आशंका है। कार्यकर्ताओं ने प्रशासन से आग्रह किया है कि किसी भी अतिरिक्त जिम्मेदारी को सौंपने से पहले महिला कर्मचारियों की सुरक्षा, उपलब्ध संसाधनों और उनकी व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखा जाए।

-

दूसरे विभाग के पुरुष कर्मचारियों का सहयोग लेने की मांग

आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने कलेक्टर से मांग की है कि भू-स्वामित्व योजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों के लिए किसी अन्य विभाग के पुरुष कर्मचारियों का सहयोग लिया जाए। उनका कहना है कि इससे योजना के काम को आगे बढ़ाने के साथ महिला कर्मचारियों को देर शाम और रात के समय जोखिम भरी परिस्थितियों में काम करने से बचाया जा सकेगा। ज्ञापन में प्रशासन से यह भी आग्रह किया गया है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं पर उनकी नियमित जिम्मेदारियों के अतिरिक्त ऐसे कार्यों का दबाव नहीं डाला जाए, जिनके लिए उन्हें पर्याप्त संसाधन और सुरक्षित कार्य परिस्थितियां उपलब्ध न हों।

दिगौड़ा के हाट बाजार के पास का मामला

खेत में बिना अनुमति ट्रांसफार्मर लगाने पर विवाद, बुलानी पड़ी पुलिस

किसानों ने बिजली कंपनी के कनिष्ठ अभियंता को सौंपा आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले के दिगौड़ा बिजली वितरण केंद्र अंतर्गत हाट बाजार के पास खेत में कथित तौर पर बिना अनुमति नया ट्रांसफार्मर स्थापित किए जाने को लेकर विवाद की स्थिति बन गई। खेत मालिकों ने मंगलवार को बिजली कंपनी के कनिष्ठ अभियंता को आवेदन सौंपकर अपने खेत में ट्रांसफार्मर नहीं लगाने की मांग की थी। इसके बावजूद बुधवार को खेत के पास ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए गड्ढे खोदने वाली ट्रैक्टर मशीन पहुंच गई। इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद होने लगा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम खरोई निवासी जमुना प्रसाद अहिरवार और महेश प्रसाद अहिरवार ने बिजली कंपनी के अधिकारियों को दिए आवेदन में बताया कि उनके खसरा नंबर 709 के खेत में बिना अनुमति नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जा रहा है। आवेदकों का कहना है कि जिस स्थान पर ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी की जा रही है, वहीं से उनके खेत तक आने-जाने का मुख्य रास्ता है। ऐसे में ट्रांसफार्मर स्थापित होने से रास्ते के उपयोग और खेती से जुड़े कार्यों में परेशानी उत्पन्न होने की आशंका है।

ग्रामीणों ने भी जताई आपत्ति, दूसरी जगह लगाने की मांग

इस मामले में आवेदकों के साथ ग्रामीण सुंदर चढ़ार, कल्लू चढ़ार, सोवरन, माधव, मुकेश, जानकी, रोशन घोष, अभय घोष, मोहित यादव, दीपू और भूमानीदास ने भी आपत्ति जताई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के कुछ लोग जानबूझकर उनके खेत में ट्रांसफार्मर स्थापित करवाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि खेत में ट्रांसफार्मर लगवाने को लेकर उन्हें धमकियां दी जा रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर स्थापित करने के लिए प्रस्तावित स्थान के आसपास बस्ती और हाट बाजार है। ऐसे में बिजली के उपकरणों की स्थापना और हाईटेंशन लाइन बिछाने के दौरान सुरक्षा मानकों का ध्यान रखना जरूरी है। ग्रामीणों ने आशंका जताई है कि यदि यहां से 11 हजार केवी की हाईटेंशन लाइन निकाली जाती है और उसी से ट्रांसफार्मर को जोड़ा जाता है, तो भविष्य में बस्ती और मोहल्ले के लोगों की सुरक्षा को लेकर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। आवेदकों के अनुसार, उन्होंने मंगलवार को ही कनिष्ठ अभियंता को आवेदन देकर प्रस्तावित स्थान पर ट्रांसफार्मर स्थापित नहीं करने की मांग की थी। लेकिन बुधवार को गड्ढे खोदने वाली ट्रैक्टर मशीन पहुंचने के बाद विवाद की स्थिति बन गई। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल, मामले में खेत मालिकों और ग्रामीणों की ओर से आपत्तियां सामने आई हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

विवाहिता की मौत पर मायके पक्ष ने उठाए सवाल, दहेज प्रताड़ना व हत्या के आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के खरगापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम श्यामपुरा चिकनियां में विवाहिता प्रीति लोधी की मौत का मामला सामने आने के बाद मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों ने दहेज के लिए प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए प्रीति की मौत को संदिग्ध बताया है। उनका दावा है कि घटना से कुछ समय पहले प्रीति ने अपने भाई को फोन कर जल्द आने के लिए कहा था और अपनी जान को खतरा होने की बात भी बताई थी। इसके कुछ देर बाद ही ससुराल पक्ष की ओर से उसकी मौत की सूचना मिलने से परिवार में हड़कंप मच गया। मायके पक्ष ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

परिजनों के मुताबिक, प्रीति का घटना से कुछ समय पहले अपने भाई के पास फोन आया था। उन्होंने दावा किया कि बातचीत के दौरान प्रीति ने भाई से जल्द आने को कहा और अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। परिजनों का आरोप है कि इस फोन कॉल के कुछ ही देर बाद उन्हें ससुराल पक्ष की ओर से प्रीति की मौत की सूचना दी गई। अचानक मिली इस खबर के बाद मायके पक्ष के लोग मौके पर पहुंचे। उनका कहना है कि जब वे वहां पहुंचे, तब घर पर परिवार का कोई सदस्य मौजूद नहीं था। इन परिस्थितियों को लेकर परिजनों ने मामले की गंभीरता से जांच किए जाने की मांग उठाई है।

मायके पक्ष का आरोप है कि विवाह के समय आर्थिक मदद देने के बावजूद प्रीति के ससुराल पक्ष की ओर से कथित तौर पर लगातार पैसों की मांग की जाती थी। मांग पूरी नहीं होने पर उसे प्रताड़ित किया जाता था। परिजनों ने दीपक लोधी, अनंतराम लोधी और दीपक लोधी की मां पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि प्रीति के साथ मारपीट करने के बाद उसे फांसी के फंदे पर लटका दिया गया। घटना के बाद प्रीति के मायके पक्ष ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक से मामले में निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी की मौत से जुड़े सभी पहलुओं की बारीकी से जांच होनी चाहिए, ताकि वास्तविकता सामने आ सके। परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला और मामले में उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।

टीकमगढ़ पहुंची आईसेक्ट यात्रा, विधायक ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को किया रवाना

एआई व कौशल विकास से संवरेंगे युवाओं के भविष्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

युवाओं को कौशल विकास, रोजगार के अवसरों और आधुनिक तकनीक के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली जा रही आईसेक्ट कौशल विकास यात्रा 2026 मंगलवार को टीकमगढ़ पहुंची। छतरपुर से प्रारंभ हुई छतरपुर संभाग की यह यात्रा पन्ना, दमोह एवं सागर होते हुए टीकमगढ़ आई। यहां विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को शहर भ्रमण के लिए रवाना किया।

इस दौरान उन्होंने आईसेक्ट की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों और आमजन को शिक्षा, कौशल विकास तथा आधुनिक तकनीक की उपयोगिता समझने का अवसर प्रदान करते हैं। विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने विद्यार्थियों से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग अपनी शैक्षणिक गतिविधियों, ज्ञानवर्धन और रचनात्मक कार्यों के लिए करने की अपील की। उन्होंने कहा कि तकनीक का इस्तेमाल जिम्मेदारी के साथ किया जाना चाहिए, ताकि इसके लाभों का अधिकतम उपयोग हो सके और संभावित दुष्प्रभावों से बचा जा सके। शहर भ्रमण के दौरान आईसेक्ट के जिला प्रबंधक कार्यालय में यात्रा का स्वागत किया गया। यहां विद्यार्थियों की काउंसलिंग कर उन्हें शिक्षा, कौशल विकास और करियर निर्माण के विभिन्न अवसरों की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि वर्तमान समय में रोजगार प्राप्त करने के लिए पारंपरिक शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान और तकनीकी दक्षता भी महत्वपूर्ण होती जा रही है। इसके बाद कौशल विकास यात्रा रैली के साथ क्रिएटिव कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल पहुंची। यहां आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में आईसेक्ट के राज्य समन्वयक एवं विषय विशेषज्ञ आरके भारद्वाज ने विद्यार्थियों को यात्रा के उद्देश्य और महत्व से अवगत कराया। इसके बाद कौशल विकास यात्रा महर्षि विद्या मंदिर, टीकमगढ़ पहुंची, जहां विद्यार्थियों के लिए एआई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर आईसेक्ट के क्षेत्रीय प्रबंधक रजनीश सिंह, महेंद्र द्विवेदी, विकास प्रजापति, आशीष उप्पल, अनूप खरे, लोकेश त्रिपाठी, अनुराग मिश्रा और मोहम्मद वकार सहित अन्य संबंधित प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

स्वच्छता की जिम्मेदारी निभाने वाले सफाई कर्मियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की देखभाल के उद्देश्य से स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जिला चिकित्सालय में 40 सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में सफाई कर्मियों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। साथ ही सुरक्षित कार्य पद्धतियों को अपनाने और संक्रमण से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में सफाई कर्मियों का योगदान महत्वपूर्ण है। वे प्रतिदिन विभिन्न परिस्थितियों में काम करते हैं, ऐसे में उनके स्वास्थ्य की नियमित देखभाल, सुरक्षित कार्य वातावरण और संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है। सफाई कर्मियों का स्वस्थ रहना न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि स्वच्छता व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में भी सहायक है। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान सफाई कर्मियों को व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने, नियमित रूप से हाथ धोने, सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने तथा काम के दौरान संक्रमण से बचने के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें कार्यस्थल पर सावधानी बरतने और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज नहीं करने की सलाह भी दी गई। इस पहल का उद्देश्य सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल सुनिश्चित करने के साथ उन्हें सुरक्षित कार्यशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में सहायक प्रबंधक डॉ. अंकुर साहू, डॉ. दिनकर राठौड़, डॉ. अश्विनी बम्होरिया, डॉ. वरदत्त जैन, डॉ. योगिता दीक्षित, नर्सिंग ऑफिसर भारती सिंगरौली, रागिनी पाठक तथा सुपरवाइजर सद्दाम खान, विक्रम सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

खेत में घुसीं भैंसें तो हुआ विवाद, किसान पर लाठी से हमला

टीकमगढ़। खेत में भैंसों के घुसने को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम भगवंतपुरा के टोंगरा खिरक में बुधवार को मूंगफली के खेत में भैंसें घुसने पर किसान और भैंसों के मालिक के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि भैंसों को खेत से बाहर निकालने की बात कहने पर मालिक ने किसान के साथ लाठी से मारपीट कर दी। घटना में किसान के हाथों में चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दिगौड़ा पुलिस के अनुसार, ग्राम भगवंतपुरा के टोंगरा खिरक निवासी किशोरी रजक पिता विपुल रजक के मूंगफली के खेत में भैंसें घुसी हुई थीं। बुधवार दोपहर जब किशोरी रजक अपने खेत पर पहुंचा, तो उसने भैंसों के मालिक रामदीन यादव निवासी मुखिया का खिरक, ग्राम खेरा से भैंसों को खेत से बाहर निकालने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। आरोप है कि इस दौरान रामदीन यादव ने लाठी से किशोरी रजक के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके हाथों में चोटें आईं।

नैनवारी में फर्जी बिल से खाद परिवहन करने वाले चार लोगों पर एफआईआर दर्ज

किसानों को खाद की किल्लत न हो, कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

रबी सीजन में किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने और वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। एक ओर खाद वितरण केंद्रों पर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर खाद के अवैध भंडारण, परिवहन और विक्रय के मामलों में भी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बड़ौराघाट स्थित खाद वितरण केंद्र का अचानक निरीक्षण कर वितरण व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को किसानों को सुगमता से खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं, ग्राम नैनवारी के पास बिना नंबर की टैक्सी से 30 बोरी यूरिया खाद जब्त किए जाने के मामले में कथित तौर पर फर्जी और कूटरचित बिल का उपयोग सामने आने के बाद चार व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।



जिले में खाद वितरण व्यवस्था को जमीनी स्तर पर परखने के उद्देश्य से कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने बड़ौराघाट स्थित खाद वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर चल रही वितरण प्रक्रिया का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को खाद प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और वितरण व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से संचालित की जाए। कलेक्टर श्रोत्रिय ने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि किसानों को समय पर खाद उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। वितरण केंद्र पर ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे किसानों को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। खाद की उपलब्धता और वितरण की स्थिति पर निगरानी बनाए रखने के साथ व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम संस्कृति मुदित लटौरिया, जिला विपणन अधिकारी अनिल नरवरे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

खाद की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और परिवहन पर अंकुश लगाने चलाए जा रहे अभियान के तहत कृषि विभाग की टीम ने 23 अक्टूबर की रात टीकमगढ़-बुड़ेरा मुख्य मार्ग पर ग्राम नैनवारी के पास बिना नंबर की टैक्सी की जांच की थी। इस दौरान वाहन से एनएफएल कंपनी की 30 बोरी यूरिया खाद बरामद की गई। जांच में खाद के परिवहन के लिए प्रस्तुत दस्तावेजों में गड़बड़ी सामने आई, जिसके बाद मामला दर्ज कराने की कार्रवाई की गई। उप संचालक कृषि मनोज कश्यप के मार्गदर्शन में प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक टीकमगढ़ कैलाश प्रसाद अहिरवार के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की थी। वाहन चालक नीरज अहिरवार निवासी बुड़ेरा से जब खाद के वैधानिक दस्तावेज मांगे गए, तो उसने खाद को दिलीप असाटी निवासी बुड़ेरा और नीलेश यादव निवासी नन्नी टेहरी का बताया। जांच के दौरान संबंधित व्यक्तियों की ओर से हस्तलिखित बिल प्रस्तुत किया गया। इस बिल में मेसर्स नरेंद्र एंड संस, टीकमगढ़ के नाम पर 26 बोरी खाद का उल्लेख था। कृषि विभाग की टीम ने जब संबंधित फर्म के संचालक से संपर्क कर बिल की पुष्टि की, तो उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी फर्म द्वारा उक्त बिल जारी नहीं किया गया है। इसके बाद खाद के परिवहन में कथित रूप से फर्जी एवं कूटरचित बिल का इस्तेमाल किए जाने का मामला सामने आया।

जिले में खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के लिए कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा दो स्तरों पर निगरानी की जा रही है। वितरण केंद्रों पर किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जा रहे हैं, जबकि अवैध भंडारण, परिवहन और विक्रय की शिकायतों पर कृषि विभाग की टीमें जांच कर रही हैं।

350 रुपये प्रति बोरी में खाद खरीदने की बात आई सामने

जांच के दौरान वाहन चालक नीरज अहिरवार ने बताया कि टैक्सी में रखी 30 बोरी यूरिया खाद उसने रवि तिवारी निवासी माडूमर के घर से खरीदी थी। खाद की कीमत 350 रुपये प्रति बोरी के हिसाब से 10 हजार 500 रुपये बताई गई। कृषि विभाग ने उपलब्ध जानकारी, जांच और प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर खाद के भंडारण, विक्रय, परिवहन तथा कथित फर्जी बिल से जुड़े मामले में संबंधित व्यक्तियों की भूमिका के अनुसार कार्रवाई की अनुशंसा की। उर्वरक निरीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर नीरज अहिरवार के विरुद्ध अवैध परिवहन, रवि तिवारी के विरुद्ध अवैध भंडारण व विक्रय, दिलीप असाटी के विरुद्ध अवैध विक्रय व परिवहन तथा फर्जी बिल में सहयोग और नीलेश यादव के विरुद्ध क्रय-परिवहन एवं कूटरचित बिल प्रस्तुत करने के संबंध में कार्रवाई की गई। चारों व्यक्तियों के विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश और आवश्यक वस्तु अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत बुड़ेरा थाने में एफआईआर कराई है। जब्त की गई 30 बोरी यूरिया व संबंधित टैक्सी वाहन को सुरक्षा की दृष्टि से बुड़ेरा थाना परिसर में रखा गया है।

केएनजी-22 के शरीर से बंदूक के छर्रे मिलने से फैली सनसनी

गोली लगने से हुई मौत से प्रोजेक्ट चीता की सुरक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क का 19 माह आयु पूरी कर चुका नर चीता केएनजी-22 की मौत और पोस्टमार्टम में उसके शरीर से बंदूक के छर्रे मिलने से कूनो प्रशासन और सरकार भी सकते में आ गई है। इस घटना ने कूनो प्रशासन की उस व्यवस्था की पोल भी खोल कर रख दी जिसमें दावा किया गया था कि चीतो की सुरक्षा के लिए चप्पे चप्पे पर निगरानी रखी जा रही है। चीतों का एक-एक कदम चाहे कूनो के भीतर उठे या बाहर, पग पग की धमक और लोकेशन की सटीक जानकारी रखने के कूनो प्रशासन के दावे की हत्या भी उस शिकारी ने अपनी बंदूक चीते को गोली मारकर कर दी है। शिकारी द्वारा चीते के शिकार के बाद कूनो प्रशासन निरुत्तर हो गया है।

चीता के शिकार के बाद कूनो में प्रोजेक्ट चीता पर भी प्रश्न चिन्ह लग गया है। हालांकि केंद्र सरकार ने इस मामले में उच्च स्तरीय जांच कराने की बात कही है जो शुरू भी हो गई लेकिन प्रश्न यही उठ रहा है कि जब शिकारी चीतों तक बंदूक लेकर पहुंच रहे हैं तो फिर निगरानी के लिए लगी भारी सुरक्षा फौज क्या कर रही है।

कूनो के चीते KNG22 की गोली लगने से हुई मौत का मामला अब केंद्र सरकार तक पहुंच गया है। केंद्र ने इस घटना को बेहद गंभीरता से लिया है और जांच के लिए एक हाई-लेवल सेंट्रल टीम को मौके पर भेजा है. यह टीम मध्य प्रदेश फॉरेस्ट डिपार्टमेंट और STF के साथ मिलकर जांच करेगी. केंद्र सरकार ने 19 महीने के नर चीते KNG22 की मौत को काफी गंभीरता से लिया गया है. प्रोजेक्ट चीता के महत्व और बिग कैट की सुरक्षा को देखते हुए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने यह टीम तैनात की है। इस जांच में खुलासा हो ही जाएगा की शिकारी कहां से आए और कहां शिकार किया और कौन-कौन सी वन्य बीट में घूमते रहे पर प्रश्न यही सामने आएगा कि जब शिकारी जंगल में आसानी से बंदूक लेकर शिकार की गरज से खुलेआम घूम सकते हैं तो फिर प्रोजेक्ट चीता की सुरक्षा कैसे होगी? वन्य कर्मियों के अलावा चीता मित्रों की भूमिका भी इस मामले में अब संदिग्ध दिखाई पड़ने लगी है।



घायल मिला था चीता, इलाज के बावजूद नहीं बची जान

जानकारी के अनुसार, यह चीता मादा नीरवा का शावक था. वह 25 अक्टूबर को कूनो पार्क के बाहर विजयपुर वन परिक्षेत्र के नितनवांस बीट में यह शावक गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला था। उसी दिन उसे श्योपुर टेरिटोरियल फॉरेस्ट डिवीजन ने रेस्क्यू किया। इसके बाद उसे जबलपुर की वेटनरी फैसिलिटी में इंटेंसिव केयर में रखा गया और सर्जरी की गई. वहां, सर्जरी के दौरान उसके शरीर से 5 फायरआर्म पेलेट्स निकाले गए। लेकिन सारी कोशिशों के बावजूद भी 27 अक्टूबर को चीते की मौत हो गई। अब मेडिकल जांच में सामने आया कि पेलेट्स की वजह से शरीर में कई इंटरनल इंजरी आई थीं। राज्य सरकार इस मामले में पहले ही फॉरेस्ट और पुलिस अफसरों की **STF** गठित कर चुकी है. अब सेंट्रल टीम इस एसटीएफ के साथ तालमेल मिलाकर काम करेगी।

कहीं चीता मित्रों को गंभीरता से नहीं लेना तो भारी नहीं पड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 सितंबर 2022 को कूनो में चीते रिलीज किए थे तब उन्होंने चीतों की सुरक्षा के लिए तैनात किए गए चिता मित्रों से भी संवाद किया था। प्रधानमंत्री ने चीतों की सुरक्षा के बारे में अच्छे संदेश भी दिए थे तब ऐसा प्रदर्शित किया गया था कि स्थानीय ग्रामीण जो कूनो के आसपास गांव में रहते हैं को चीता मित्र बनाकर चीतों की सुरक्षा के जिम्मेदारी दिया जाना बहुत समझदारी का काम है। तब बड़ी संख्या में ग्रामीण इस काम में भी लग गए थे और चीतों की सुरक्षा में उन्हें देखा भी जा रहा था लेकिन चीता मित्रों की लगातार हो रही उपेक्षा से अब चीता मित्र दिखाई नहीं देते हैं।शायद इसका भी असर पड़ा है कि शिकारी आसानी से जंगलों में हथियार लेकर आ जा रहे हैं अगर चीता मित्र सक्रिय होते तो वह गांव में इन शिकारियों को जरूर देख लेते और घटनाकरित होने से रोकी जा सकती थी।

आज सौंपा जाएगा ज्ञापन

चीते की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले को लेकर कूनो संघर्ष समिति श्योपुर गुरूवार को ज्ञापन सौंपकर सीबीआई जांच की मांग करेगी। कूनो संघर्ष समिति के संयोजक एवं पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अतुल चौहान ने बताया कि इस गंभीर घटना के पहले भी कूनो और श्योपुर सामान्य वन मंडल क्षेत्र से शिकार किए गए 10 से अधिक तेंदुओं की खालें आगरा (उत्तर प्रदेश) में बरामद हो चुकी हैं। यह कूनो और सामान्य वन मंडल के अमले तथा संबंधित अधिकारियों की घोर लापरवाही और नाकामी को दर्शाता है।

चोरों की पुलिस को रोज मिल रही खुली चुनौती

जावदेश्वर क्षेत्र में एक ही रात में 20 बोरवेल की केबल काट ले गए चोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में चोरों के हौसले किस कदर बुलंद हैं इसकी बानगी ग्राम पंचायत जावदेश्वर के क्षेत्र में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात तब देखने को मिली जब अज्ञात चोरों ने एक साथ 20 किसानों के खेतों में लगे बोरवेल की केबल काटकर चोरी कर ली।

एक ही रात में इतनी बड़ी वारदात से पूरे इलाके के किसानों में दहशत और आक्रोश है। यह घटना चोरो की और से पुलिस को ही खुली चुनौती है, या चोर और पुलिस सांठगाठ की, कि आए दिन चोरी होने के बाद भी चोर पकड़े नहीं जा रहे हैं। किसानों ने बताया कि रातों-रात खेतों से सैकड़ों मीटर कॉपर की महंगी केबल काट ली गई। सुबह जब किसान खेत पर पहुंचे तो मोटर बंद पड़ी थीं और केबल गायब थीं। रबी सीजन में गेहूं के लिए पलैवा और सरसों की फसल को पानी की सख्त जरूरत है, केबल चोरी होने से सिंचाई ठप हो गई है और फसल सूखने की कगार पर है।

हर किसान को 8 से 10 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पर यह कोई पहली घटना नहीं है जब चोरों ने किसानों की बोर से केवल काटी हो इससे पहले भी कई बार बल्कि आए दिन रोजाना चोर इस तरह की घटना को अंजाम दे चुके हैं। पर चोरो का पुलिस की पकड़ से दूर बने रहना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिए निशान जरुर खड़े कर रही है।

रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की

यह कोई पहली घटना नहीं है। श्योपुर अंचल के विभिन्न गांवों से पिछले एक महीने में बोरवेल केबल चोरी की दर्जनों वारदातें सामने आ चुकी हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत करने पर पुलिस सिर्फ आवेदन लेकर खानापूर्ति कर देती है। लेकिन अपने थाने की सीआर बिगड़ने के डर से एफआईआर तक नहीं करती है। लगातार हो रही चोरियों और पुलिस की निष्क्रियता से अब पुलिसिया कार्रवाई भी शक के दायरे में आ रही है। किसानों का कहना है कि बिना किसी स्थानीय जानकारी के इतनी बड़ी संख्या में एक ही रात में केबल काटना संभव नहीं है, लेकिन पुलिस न तो गश्त बढ़ा रही है और न ही कबाड़ी बाजारों पर निगरानी कर रही है जहां ये कॉपर केबल बेची जाती हैं। ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक से गांवो में रात्रि गश्त बढ़ाने और चोर गिरोह को जल्द पकड़ने की मांग की है।

इनका कहना...

ऐसा कोई दिन बाकी नहीं जाता जब खेतों से केवल न काटी जाती हो। किसानों को बोर की केवल चोरी करने से बचाने के लिए खेतों पर रतजगा करना पड़ रहा है। बीती रात तो तब कमाल ही हो गया 20 खेतों में लगी बोर से चोर तार काट ले गए।

गिरिराज मीणा
उप सरपंच एवं सरपंच प्रतिनिधि

विजयपुर में महिला पर रात में हुए जानलेवा हमले का पुलिस ने किया खुलासा,तीन आरोपी धरे

ममेरे भाई ने साले और दोस्त के साथ मिलकर अंजाम दी लूट की वारदात, महिला पर सब्बल से किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

विजयपुर कस्बे के वार्ड क्रमांक 5 में 7-8 अक्टूबर की दरमियानी रात को एक महिला पर घर में घुसकर सब्बल से किए गए जानलेवा हमले के मामले का विजयपुर थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को अरेस्ट कर लिया है। दरअसल यह हमला लूट की वारदात किए जाने के लिए किया था और इस वारदात के दौरान आरोपी मंगलसूत्र, कान के बाले और चांदी की पायजेब लूट ले गए थे और इस लूट का मास्टर माइंड घायल महिला के पति के मामा का लडका बॉबी कुशवाह निकला। जिसने अपने दोस्त और दो सालों के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए बॉबी कुशवाह समेत तीन आरोपियों को दबोच लिया और उनके कब्जे से करीब 8,750 रुपए का मशरूका बरामद का कर लिया है।

यहां बता दें कि यह वारदात 7 और 8 अक्टूबर की दरमियानी रात को विजयपुर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित शिवपुरी रोड क्षेत्र निवासी फल कारोबारी अमर सिंह उर्फ मोहर सिंह कुशवाह के घर में हुई थी। पुलिस के मुताबिक अमर सिंह के घर में अज्ञात बदमाश रात्रि के दौरान पीछे से दीवार कूदकर घुस गए थे। चोरी के इरादे से घर में दाखिल हुए बदमाशों ने सो रही महिला पर सब्बल से हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद महिला के गले से मंगलसूत्र, कान के बाले और पैरों की पायजेब लूटकर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करते हुए महिला को इलाज के लिए ग्वालियर भिजवा गया। महिला की हालत में सुधार होने के बाद जब पुलिस ने मुखबिर की सूचना और साइबर तकनीक के जरिए संदिग्धों की पहचान कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनमें बॉबी कुशवाह, मोनू कुशवाह और मदनलाल उर्फ मिथुन रजक शामिल हैं। बताया गया है कि बॉबी कुशवाह, मोहर सिंह का मामा का लड़का है, जबकि मोनू कुशवाह उसका साला है। वहीं, मदनलाल रजक मोनू का दोस्त बताया गया है। इसके अलावा फरार बना चैथा आरोपी बबलू कुशवाह भी बॉबी कुशवाह का ही साला है। जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के बाद उनकी निशानदेही पर लूटे गए सोने के कान के बाले और चांदी की पायजेब बरामद की हैं। एसडीओपी विजयपुर राघवेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि इस कार्रवाई में विजयपुर टीआई यास्मीन खान, आरक्षक हुकम सिंह धाकड़, बरसाने लाल पांडे, आलोक सिंह और प्रिंस रावत की अहम प्रमुख भूमिका रही।



काफी दिन तक अमर सिंह के घर पर ही रहा था बॉबी

पुलिस के मुताबिक इस वारदात का मुख्य आरोपी बॉबी कुशवाह और अमर सिंह उर्फ मोहर सिंह कुशवाह आपस में मेमेर फुफेरे भाई है। काफी दिनों तक बॉबी कुशवाह अमर सिंह के घर पर ही रहा था। अमर सिंह बॉबी के साथ मिलकर फल का कारोबार कर रहा था। लेकिन कुछ माह पहले दोनो के बीच कहासुनी हो गई तो अमर सिंह ने बॉबी को अपने घर से भगा दिया। जिसकारण बॉबी को आर्थिक परेशानियो ने घेर लिया। इन्ही आर्थिक परेशानियो से निकलने के लिए बॉबी ने अपने साले और दोस्त के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया।

जिला पुनर्वासन-पुनर्व्यस्थापन समिति की बैठक आयोजित

श्योपुर। चेटीखेडा वृहद सिंचाई परियोजना के संबंध में आयोजित पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन समिति की बैठक को संबोधित करते हुए सांसद शिव मंगल सिंह तोमर ने कहा कि चेटीखेडा बांध के विस्थापितों के लिए पुनर्वास की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायेंगी। उन्हें पर्याप्त मुआवजा राशि के साथ ही बुनियादी सुविधाएं एवं सेवाएं उपलब्ध कराई जायेगी। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर शीला दाहिमा ने कहा कि शासन की नीति अंतर्गत बेहतर से बेहतर सुविधाएं और लाभ प्रदान करने के उद्देश्य के साथ पुनर्वासन की प्रक्रिया की जायेगी। उन्होंने कहा कि विस्थापित क्षेत्र के लोगों की मंशानुरूप कृषि योग्य भूमि तथा कूनो नेशनल पार्क के बफर जोन से पर्याप्त दूरी पर स्थान का चिन्हांकन किया जायेगा। बैठक में विस्थापित क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा पूर्व से बसाहट के लिए चिन्हित ग्राम बेनीपुरा, पिपरवास, सहसराम तथा धामिनी में बसने के लिए सहमति प्रदान की गई तथा उमरीकलां के स्थान पर अन्यत्र स्थान को चिन्हित करने का निर्णय समिति में लिया गया।बैठक में जानकारी दी गई कि निजी कृषि भूमिधारको को शासन की नीति के अनुरूप भूमि उपलब्ध कराई जायेगी। इसके साथ ही आवासीय भू-खण्ड के लिए प्रत्येक परिवार को 1500 वर्ग फिट उपलब्ध कराई जायेगी तथा पीएम आवास प्रदाय किये जाएंगे।

पूर्व विधायक ने राजस्व अमले पर लगाए अनदेखी के आरोप

जिन खेतों में खड़ी है फसल उन पर भी कर दिया पराली जलाने का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पराली को जलाने से रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान में कार्रवाई के आंकड़े बढ़ा चढ़ाकर दिखाने के उद्देश्य से राजस्व विभाग किस तरह आंख मूंदकर काम कर रहा हैं इसकी बानगी बीते दिनों तब देखने को मिली जब उन किसानों पर भी पराली जलाने के नाम पर जुर्माना कर दिया जिनके खेतों में फसल कटी तक नहीं है। ऐसी लापरवाही सामने आने पर पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजराज सिंह चौहान ने इस मामले में अनदेखी का आरोप लगाते हुए लापरवाह कर्मचारियों पर दंडात्मक कार्रवाई करने की मांग कलेक्टर शीला दाहिमा से की है।



पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कुछ गाँवो में पराली नहीं जलाने वाले किसानों के नाम भी ज़बरदस्ती से पराली जलाने वाले किसानों की सूची में जोड़ दिए गए हैं। किसान धनराज नागर ग्राम अलापुरा की धान की फसल अभी तक नहीं कटी है जिसका प्रमाणीकरण पटरवारी द्वारा दिया गया है लेकिन उसके बाद भी उसका नाम पराली जलाने वाले किसानों की सूची में जोड़ दिया गया है ! उन्होंने कहा कि कलेक्टर को इस प्रकार के मामले की जांच करवाकर संबंधित दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए जिनके द्वारा लेनदेन ना करने पर निर्दोष किसानो को परेशान किया जा रहा है। पूर्व विधायक ब्रजराज सिंह चौहान ने किसानो से अपील की है कि यदि किसी भी विभाग का कोई कर्मचारी पराली में नाम जोड़ने का भय दिखाकर किसी भी निर्दोष किसान से पैसों की मांग करता है तो उसकी जानकारी से उन्हें तुरंत अवगत करवाया जाए।

पीड़ितों को न्याय दिलाना और शिकायतों का समय पर निराकरण करना रहेगी प्राथमिकता:आर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पीडितों को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का समयबद्ध निराकरण कराना उनकी प्राथमिकता रहेगी। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह बात श्योपुर के नवागत डीएसपी अजाक ओमप्रकाश आर्य ने बुधवार को हरिभूमि से चर्चा के दौरान अपनी प्राथमिकता बताते हुए कही। बता दें कि जिले के पुलिस विभाग में डीएसपी अजाक का पद काफी दिनों से खाली पडा था। पुलिस मुख्यालय ने इस पद को भरते हुए श्योपुर में डीएसपी अजाक के रूप में डीएसपी ओमप्रकाश आर्य की पदस्थापना कर दी। जिसके बाद डीएसपी आर्य ने पिछले दिनों श्योपुर पहुंचकर विधिवत रूप से डीएसपी अजाक का पदभार लिया है।

श्योपुर के नवागत डीएसपी अजाक ओमप्रकाश आर्य ने कहा कि अजाक पुलिस से संबंधित प्रकरणों में निष्पक्ष जांच, पीड़ितों की सुनवाई और नियमानुसार कार्रवाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही शिकायत लेकर आने वाले लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य पीड़ितों को समय पर राहत उपलब्ध कराना और कानून के प्रति आमजन का विश्वास बनाए रखना है। इसके लिए संबंधित मामलों की निगरानी और आवश्यक कार्रवाई को प्राथमिकता दी जाएगी। डीएसपी ओम प्रकाश आर्य ने कहा कि कानून के दायरे में रहकर प्रत्येक मामले में निष्पक्षता बरती जाएगी तथा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे।



दो दिवसीय राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का सांसद ने किया शुभारंभ

हर क्षेत्र में वंचित वर्ग को आगे बढ़ने का मौका दे रही देश की मोदी सरकार: तोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

भाजपा के पित्र पुरुष एकात्म मानव दर्शन (एकात्म मानववाद) वाली विचारधारा रखने वाले एवं अंत्योदय के सिद्धांत को अमल में लाने का जो सपना पं दीनदयाल उपाध्याय ने देखा था उसे में आज अपनी आंखो से साकार होते देख रहा हूं और यह सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ₹सबके साथ सबका विकास₹ अच्छी सोच के चलते संभव हो सका है। यह बात श्योपुर-मुरैना सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने बुधवार को ढेंगदा खेल स्टेडियम पर आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा स्कूली बच्चों की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते हुए कही।

खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करने पहुंचे सांसद तोमर ने ढेंगदा के जंगल में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल मैदान को देखते हुए कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही सोच का नतीजा है कि जिन आदिवासी बच्चों को पूर्व की सरकारे दौड़ने के लिए पैर में चप्पल तक नहीं पहना सकी आज उस आदिवासी बच्चे को वो खेल ट्रेक उपलब्ध करा दिया गया है जो सिर्फ इंटरनेशनल स्तर के खिलाडियों को उपलब्ध होता है। सांसद तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार हर क्षेत्र में वंचित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग को आगे बढ़ने का पूरा मौका दे रही है। चाहे शिक्षा हो, खेल हो या रोजगार, हर योजना में आदिवासी समाज को प्राथमिकता दी जा रही है। इस दौरान सहरिया विकास अभिकरण की अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, नपाध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग, महावीर सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, अरविंद जादौन सहित भाजपा नेता और अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



दो दिन लगेगा प्रदेश स्तर के खिलाड़ियों का मेला

इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण चारों अंचलों से 150 से अधिक आदिवासी छात्र खिलाड़ी भाग लेने श्योपुर पहुंचे हैं। बुधवार को शुरू हुई इस प्रतियोगिता में लंबी रेस, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, ऊंची कूद, लंबी कूद, भाला फेंक प्रतियोगिता, गोला पर प्रतियोगिता आदि में खिलाड़ियों ने अपने जौहर दिखाएं जिन टीमों और व्यक्तिगत रूप से खिलाड़ी सेलेक्ट हुए हैं उनके बीच गुरुवार को फिर प्रतियोगिता होगी और बाद में पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

अंतरराष्ट्रीय पैटर्न पर बना है स्टेडियम

जिस स्टेडियम में यह खेल प्रतियोगिता आयोजित कराई जा रही है, वह भारत सरकार की योजना के तहत विशेष रूप से अनुसूचित जनजाति वर्ग के बच्चों के लिए बनाया गया है। इसका पैटर्न अंतरराष्ट्रीय स्तर का है। भारत सरकार द्वारा ट्राईबल विकास खंड में विशेष रूप से चलाई जाने वाली योजना के तहत ढेंगदा गांव में यह खेल मैदान बनाया गया है इसका एथलेटिक ट्रैक अंतर्राष्ट्रीय पैटर्न का है जो दिल्ली, मुंबई और विदेशों में आयोजित होने वाली इंटरनेशनल प्रतियोगिता में उपयोग किया जाता है। ₹जो खेल सुविधा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को मिलती है, वही सुविधा आदिवासी बच्चों को उनके गांव के पास मिल रही है। ज्ञात हो कि ढेंगदा खेल परिसर मैं 100 छात्र खिलाडी रखे जाते हैं। जिन्हें विभिन्न गांव से चयन कर लाया जाता है उन्हें यहां रखकर पढ़ाना , खेल कौशल में निपुण करना और कपड़े एवं खिलाड़ियों की विशेष पौष्टिक डाइट दी जाती है।



बच्चो संग दौडे श्योपुर विधायक

सांसद शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करने के बाद खेल मैदान पर पहुंचे श्योपुर विधायक बाबू जंडेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनके साथ खेल मशाल लेकर स्टेडियम का दौड़कर चक्कर भी लगाया। विधायक को अपने साथ दौड़ता देख बच्चों में भी उत्साह का वातावरण देखने को मिला और वह पूरे उत्साह के साथ दौड़े। इस दौरान विधायक ने खिलाड़ियों से कहा कि वह अनुशासन का पालन करें और खेल भावना के साथ खेल को खेलें तथा अपने भीतर जीतने की भावना को भी जागृत करें ताकि आप आज यहां प्रदर्शन कर रहे हो तो कल वहां प्रदर्शन करोगे जिसे देखने के लिए हमें टीवी का चैनल खोलने पड़ेगा।

श्यामपुर में गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता आयोजित, बंटी रावत की गाय ने जीता प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा के मार्गदर्शन में पशुपालन विभाग द्वारा गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना के अंतर्गत वृंदावन ग्राम श्यामपुर में गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में बंटी रावत की गाय को प्रथम स्थान मिला उन्होंने एक लाख रूपये की पुरस्कार राशि प्राप्त होगी। उनकी गाय का औसत दुग्ध उत्पादन 8.820 किलोग्राम रहा। द्वितीय स्थान मनीषा संजीव रावत की गाय को मिला, उन्हें 50,000 की पुरस्कार राशि दी जायेगी। इनकी गाय का औसत दुग्ध उत्पादन 8.806 किलोग्राम रहा। तृतीय स्थान पर बुद्धमान सिंह कुशवाह की गाय रहीं, इन्हे 25,000 की पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी, इनकी गाय का औसत दुग्ध उत्पादन 8.086 किलोग्राम रहा। विजेता गोपालको को पुरस्कार की राशि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा गोवर्धन पूजन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से संबंधितों के बैंक खातो में अंतरित की जायेगी। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अरविन्द सिंह जादौन, परीक्षित धाकड़, जनपद पंचायत सदस्य हेमराज राजावत, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश मिश्रा, ग्राम पंचायत सरपंच दिलीप आदिवासी, वीरपुर तहसीलदार विनोद सिंह तोमर, पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उपसंचालक डॉ. सुभाष बाबू दोहरे, विकासखंड पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. जीएस गहलोत, वीरपुर पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीएस नरवरिया सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप

जुए के अड्डों पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने जुए के अडडों पर छापामार कार्यवाही की है। ईसागढ़ पुलिस ने बहेरिया में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए सिरनाम प्रजापति, चंदन बंजारा, दीपक कुशवाह,विशाल चैहान, रामपाल प्रजापति को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने 6100 रूपए व ताश की गडडी बरामद की है। बहेरिया में ही दूसरे अडडे से पुलिस ने कैलाश, भागीरथ व घनश्याम आदिवासी को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने 700 रूपए व ताश की गडडी बरामद की है। मुंगावली पुलिस ने मुंगावली में ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए टोनी चैहान, अरूण कुशवाह, रोहित कुशवाह,गोलू अहिरवार, कृष्णा राजपूत को गिरफ्तार किया है जिनके पास से पुलिस ने ताश की गडडी व 1900 रूपए बरामद किए हैं।

युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

अशोकनगर। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत सीताराम लोधी निवासी ग्राम खैरा उम्र 40 साल ने अपने ही खेत में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पठार मोहल्ला निवासी नीतू योगी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मोहित रजक, फूलाबाई, तनु व मनु रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खिरिया महू निवासी रमेश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवनारायण मिश्रा,जगदीश, लल्लीराम व अजय मिश्रा, सिया मिश्रा, रनिया मिश्रा, अनीता मिश्रा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से जगदीश शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है की रमेश,आशीष और अनुज शर्मा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत खाईखेडा निवासी रमेश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कैलाश, रवि, खचैड़ा और लखन अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बामौरा निवासी पहलवान अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सिरदार सिंह खिल्लू, भूरा, छोगीलाल अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत माधौगढ निवासी दिलवाग पारदी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी लक्ष्मण पारदी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

महिलाएं सजने संवरने से लेकर अन्य सामान की खरीदारी में लगीं

करवाचौथ को लेकर अशोकनगर शहर के बाजार हुए गुलजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





करवाचैथ का पर्व इस बार भी अशोकनगर शहर में हर बार की तरह बड़े पैमाने पर मनाया जाएगा। करवाचैथ के व्रत को लेकर महिलाएं तैयारियों में लगी हैं। सही पूछो तो करवाचौथ का यह पर्व महिलाओं का पर्व है। इस पर्व को लेकर बाजारों में भीड़ है शहर से लेकर गांव तक की महिलाएं अपने जरूरत का सामान बाजार से खरीदने में लगी हुई हैं।

करवाचौथ का व्रत विवाहित महिलाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण दिन है इस दिन महिलाएं अपने पति की लम्बी आयु अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए निर्जला उपवास करती हैं। यह व्रत प्रेम समर्पण और आस्था का प्रतीक है। वैसे तो यह पर्व विवाहित महिलाएं ही करती है लेकिन अब अविवाहित युवतियां भी अपने भाभी जीवन साथी या प्रेमी के लिए यह व्रत को रखती है। लेकिन इस तरह की व्रत को अनुकूल नहीं माना गया है। गर्वभती महिलाओं को भी करवा चैथ का निर्जला व्रत नहीं रखना चाहिए क्योंकि महिलाओं के पेट में पल रहे शिशु के लिए पोषण और जल की आवश्यकता होती है। करवाचैथ का यह व्रत तभी शुभ फल देता है जब से श्रद्धा और सच्चे मन के साथ मनाया जाए तो इस पर्व की सार्थकता होती है।

30 हजार से अधिक शहर में महिलाएं मनाएगीं करवाचैथ का पर्व

अशोकनगर शहर में करवाचैथ का पर्व इस बार भी शहर की 30 हजार से अधिक महिलाओं द्वारा मनाया जाएगा। इस पर्व को लेकर महिलाएं करवाचैथ के दिन आने वाले सामग्री क्रय करने में लगी हैं। बाजार में साड़ी विक्रेताओं के यहां महिलाएं अपनी पंसद की साड़ी खरीद रही हैं। अनेक महिलाएं करवा चैथ पर नई साड़ी खरीदने में लगी हैं। इस दौरान करवा व्रत पूजा में उपयोग आने वाली सामग्री चलनी, करवा आदि की भी खरीदारी कर रही हैं। शहर के सोन्दर्य प्रसाधन वाली दुकानों पर महिलाओं की कतार लगी है। सजने सवरने के लिए महिलाएं अपनी पसंद की सामग्री खरीद रही हैं। शहर के बाजार महिलाओं से गुलजार हैं अनेक महिलाएं ब्यूटीपार्लर भी बुक कर चुकी हैं। करवाचैथ का यह पर्व अशोकनगर शहर में चांद निकलते ही मनाया जाएगा।

वीडियो कॉन्फ्रेंस से भी मनाया जाएगा करवाचौथ का पर्व

इस पर्व पर जिन महिलाओं के पति नौकरियों पर हैं या सैना में हैं या फिर देश से बाहर हैं उन महिलाओं के द्वारा भी इस पर्व पर व्रत रखकर वीडियों कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व की खास बात यह है कि महिलाएं यदि इस दिन घर से बाहर हैं तो वह घर पर पहुंच जाती हैं और यदि घर से बाहर है तो वह भी करवाचैथ के दिन अपने घर पर पहुंच जाता है। करवाचैथ के दिन शहर में मकानो की छत पर महिलाओं को सज सवरकर चलनी में चांद को देखा जाता है और पति को चलनी में देखकर निर्जला उपवास तोड़ा जाता है। पति महिलाओं को जल पिलाते हैं इस पर्व पर अब कईं पुरूष भी उपवास रखने लगे हैं।

करवाचौथ में इस बार राजस्थानी थीम भी दिखाई देगी

करवाचैथ के इस पर्व पर जहां पंजाबी समाज की महिलाएं सज सवरकर अशोकनगर शहर के गुरूद्वारा पहुंचकर करवाचैथ मनाएंगी वहीं इस बार महिलाओं द्वारा राजस्थानी थीम क साथ करवाचैथ का पर्व मनाया जाएगा। विभिन्न जाती और धर्म के लोग भी इस पर्व को मनाते हैं घर घर में यह पर्व मनते हुए देखा जाएगा। शहर के गांधी चैक पर तमाम प्रकार की सामग्री की दुकाने सजी हैं। जहां से महिलाएं सामग्री को खरीदते हुए देखी जा सकती हैं।

मैकअप के ट्रेन्ड का करवाचौथ पर रहेगा जोर

करवाचैथ सेलिब्रेशन में इस बार मैकअप के ट्रेन्ड को पूरी तरह से बदलकर देखा जा रहा है। महिलाएं अब सज संवरने के बाद अपना लुक इंस्ट्राग्राम, सोशल मीडिया और फेसबुक पर सेण्ड करने की तैयारियों में हैं। मेकअप और हेयर स्टाइल के जो पुराने आईडिया थे वह बदल रहे हैं। मेकअप के दौरान फाइनल लुक वीडियो बनाकर तैयार हो रही हैं। महिलाएं ब्यूटीपार्लर पर जाकर 5 से 10 हजार रूपये खर्च कर रही है। ब्यूटीपार्लर पर महिलाओं के लिए समय भी तय किया गया है।

मैकअप के साथ हेयर स्टाइल भी खास होगाः इस बार मैकअप में नैच्युरल फीचर्स को उभारने वाला स्टाइल ट्रेन्ड में हैं। चेहरे पर नेच्यूरल ग्लो लाने के लिए हाइलाईटर का कम और सटीक इस्तेमाल किया जा रहा है। हेयर स्टाइल में इस बार खास फोकस महिलाओं में है। जिसमें लम्बी चोटी का स्टाईल चलन में है जिन्हे नेच्यूरल फूलों से सजाया जा रहा है। सीनियर लेडीज अपनी शादी की यादे ताजा करने के लिए नए मेकअप को प्राथमिकता दे रही हैं।

पीएमश्री महाविद्यालय में जन सुरक्षा युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन



अशोकनगर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में उच्च शिक्षा विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त पहल के अंतर्गत "जन सुरक्षा युवा संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को जन सुरक्षा, कानून व्यवस्था, साइबर अपराधों से बचाव, यातायात नियमों, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना तथा पुलिस एवं विद्यार्थियों के मध्य संवाद स्थापित करना रहा।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न सुरक्षा संबंधी विषयों की जानकारी प्रदान करते हुए कानून का पालन करने, अनुशासन बनाए रखने तथा एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा हेतु हेल्पलाइन नंबर 1091 एवं 181, आपातकालीन सहायता हेतु 112, बाल सहायता हेतु 1098, साइबर अपराधों की शिकायत हेतु 1930 तथा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सहायता के लिए टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 की उपयोगिता एवं इनके माध्यम से सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर अंतर सिंह कनेश, रक्षित निरीक्षक मोनिका जैन, थाना प्रभारी पिपरई निरीक्षक नरेन्द्र त्रिपाठी, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक ऋतु चैहान, प्राध्यापक डॉ. जयप्रकाश अहिरवार, डॉ. राजकुमार जाट, डॉ. मोना यादव, मीडिया प्रभारी अरविन्द कौशिक, निरीक्षक संजय गुप्ता, उपनिरीक्षक सुमरन कुडापे, प्रधान आरक्षक हरिओम पंत,आर0 मैयालाल, आर0 शिवकुमार, आर0 हरवीर मीना सहित महाविद्यालय के 200 से अधिक विद्यार्थी उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

चंदेरी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने निकाला भव्य पथ संचलन

चंदेरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस के तत्वावधान में सोमवार को चंदेरी नगर में पूर्ण गणवेश के साथ भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। पथ संचलन का शुभारंभ नगर स्थित बड़ी सरस्वती शिशु मंदिर परिसर से हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वयंसेवकों ने ध्वज प्रणाम कर प्रार्थना की। इसके पश्चात हाथों में दंड लाठी और संघ की पूर्ण गणवेश सफेद शर्ट, खाकी पैंट, काली टोपी) धारण किए स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में कदमताल करते हुए मुख्य मार्गों की ओर रवाना हुए। बड़ी सरस्वती स्कूल से शुरू हुआ यह पथ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों व चैराहों से होकर गुजरा। संचलन दिल्ली दरवाजा, निजामुद्दीन चैराहा, डोलिया गेट आदि प्रमुख क्षेत्रों से होते हुए पुनः बड़ी सरस्वती स्कूल पहुँचकर संपन्न हुआ।



आचार्य श्री के अवतरण दिवस पर गरीबों को निःशुल्क भोजन प्रदाय किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



परम पूज्य संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज एवं वर्तमान आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति, अशोकनगर द्वारा सेवा, करुणा एवं जनहित को समर्पित एक सराहनीय पहल की गई।

इस विशेष अवसर पर महासमिति की सदस्याएँ अशोकनगर रेलवे स्टेशन पहुँचीं, जहाँ जरूरतमंद, असहाय, मजदूर वर्ग एवं गरीब लोगों को फल एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य का उद्देश्य जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाना तथा गुरुदेव के त्याग, तपस्या, करुणा और अहिंसा के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना रहा। इस अवसर पर इंदु गांधी ने उपस्थित लोगों को बताया कि आज हमारे पूज्य गुरुदेव आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का जन्मोत्सव है। इसी पावन अवसर पर महासमिति द्वारा आप सभी के बीच फल एवं मिठाई का वितरण किया जा रहा है। रेलवे स्टेशन पर जनहित में एक और महत्वपूर्ण पहल सेवा कार्य के साथ-साथ श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति की सदस्याओं ने रेलवे स्टेशन पर उपस्थित अधिकारियों नवीन कुमार सैनी व एवं सुरेश जोगिकर सहायक उप निरीक्षक से मुलाकात कर यात्रियों की सुविधा से जुड़ी एक महत्वपूर्ण समस्या की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया। महासमिति की ओर से अधिकारियों से अनुरोध किया गया कि प्लेटफॉर्म नंबर 2 की ओर आने वाले मुख्य प्रवेश द्वार पर एक स्पष्ट सूचना-पट्ट (बोर्ड) लगाया जाए,जिससे यात्रियों को अंदर प्रवेश करने के सही मार्ग की जानकारी मिल सके। राष्ट्रीय मंत्री इंदु गांधी,वर्तमान महामंत्री प्रियंका जैन,कोषाध्यक्ष नीतू मुंद्रा, महिला प्रकोष्ठ विनिता सोनी,युवा प्रकोष्ठ विनिता जैन, सहमंत्री वर्षा सिंघई,मध्यांचल महिला प्रकोष्ठ सपना अजमेरा, सुनीता चैधरी इंदिरा पाली सुधा सुधा सरला रीना जैन सिम्मी जैन बॉबी मनिका रानी रसीला एवं कार्यकारिणी के सदस्य भी शामिल रहे।

गणेश शंकर विद्यार्थी की 136वीं जयंती पर किया माल्यार्पण, मरीजों को बांटे फल

ईसागढ़। महान स्वतंत्रता सेनानी,अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की 136वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को ईसागढ़ स्वास्थ्य केंद्र में पत्रकार साथियों द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस दौरान उनके संघर्ष पूर्ण जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान,निर्भीक पत्रकारिता और समाज के प्रति समर्पण को याद किया गया। इस अवसर पर पत्रकार अमित गोस्वामी, दिनेश सेन, कपिल शर्मा, राहुल शर्मा एवं वार्ड क्रमांक 15 पार्षद प्रतिनिधि राम प्रसाद खटीक सहित स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ.लक्ष्मी चंद, अस्पताल का स्टाफ तथा अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया।
27 अक्टूबर फोटो न.14 ईसागढ में विद्यार्थी जी का स्मरण किया गया।

चीर हरण हुआ, क्योंकि सभा कौरवों की थी:मुनिश्री निरंजन सागर





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने धर्मसभा में कहा कि एक भरी सभा में एक पुरुष एक स्त्री के केश पकड़कर ला रहा है। इस अपमान का विरोध करने वाला उस सभा में कोई भी नहीं उठा। यहाँ तक की न्याय और नीति के ज्ञाता भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य जी आदि भी वहां पर मौजूद थे। धर्मराज युधिष्ठिर, महाबलशाली भीम, महान धनुर्धारी अर्जुन, महा पराक्रमी नकुल और श्रेष्ठ योद्धा सहदेव भी उसी सभा में मौजूद थे। अन्य सभासद भी मात्र मौन रहकर इस दृश्य को देख रहे थे। कोई भी कुछ भी करने में सक्षम नहीं था। क्यों? क्योंकि सभा कौरवों की थी। कौरव प्रतीक थे अन्याय के अनीति के, अधर्म के, कुटिलता के, दुर्जनता के, दुष्टता के और पाण्डव प्रतिक थे, न्याय के, नीति के, धर्म के, सज्जनता के, शिष्टता के, निष्कपटता के।

उन्होंने कहा कि याद रखना धर्म जब भी अधर्मी की सभा में जायेगा वह वहां पर अपमानित ही होगा। इसलिये नीतिकारों ने भी कहा है धर्मात्मा को अपने धर्म की रक्षा करनी है तो अधर्मात्मा की संगत से बचो। उनकी संगत, उनकी सभा से दूर रहो। अब आपके अन्दर एक प्रश्न उठता है कि महाराज जी अगर हम कभी गलती से ऐसी सभा में फंस जाये तो क्या करें? तब इस प्रश्न का उत्तर यही है, जो द्रौपदी ने किया था। अपने हृदय में गुरु को सदैव धारण करो। द्रौपदी ने ऐसी विपत्ति के समय अपने गुरु श्री कृष्ण जी का स्मरण किया।

उसका परिणाम सभी को ज्ञात है की अपमानित करने वाला स्वयं ही अपमानित हो गया। यह भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु की महिमा का श्रेष्ठतम उदाहरण है। गुरु हमें हर एक विपरीत परिस्थिति से बचाते हैं। बस हम उन पर विश्वास रखें। गुरु हमें बदलना सिखाते हैं, न की बदला लेना। जितना हो सके ऐसी कौरवों की सभा में न जाये और अगर गलती से फंस जाये तो हृदय में गुरु को जरूर धारण करके जाये, वो ही आपको सही रास्ता दिखा सकते है ओर आपको ऐसी विपरीत परिस्थिति से बचा सकते है। प्रबचन सभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

वृद्धाश्रम में सेवा कर मनाया आचार्य श्री का अवतरण दिवस

अशोकनगर। जैन मिलन सेंट्रल द्वारा संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 80 वां एवं नवाचार्य समय सागर जी का अवतरण दिवस शरद पूर्णिमा बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक सेवाकार्य कर मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गुना रोड स्थित अपना घर परिवार वृद्धाश्रम में हुई। सर्वप्रथम आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची ने किया। तत्पश्चात वृद्धजनों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमे डॉ. नीलेश जैन मोनू ने वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें उचित चिकित्सीय परामर्श एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। कार्यक्रम के अगले चरण में संस्था की ओर से वृद्धजनों को उपयोग के लिए एक इलेक्ट्रिक गीजर भेंट किया गया, जिससे उन्हें आगामी सर्दी के मौसम में सुविधा मिल सके। इसके साथ ही, सभी वृद्धजनों को ताजे फल वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने आचार्य श्री के जयकारों के साथ इस आयोजन को बड़े ही उत्साह के साथ संपन्न किया। उपरोक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेन्द्र कोचर, अध्यक्ष अतुल बंसल, मंत्री मनोज बहादुरपुर, उपाध्यक्ष अजित जैन बीमा कोषाध्यक्ष सुनील कोठारी,सत्येंद्र जैन, राकेश जैन मिर्ची, सचिन भूसा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

